# भारतीय रिज़र्व बैंक

**भारतीय रिज़र्व बैंक में यंग प्रोफेशनल्स की नियुक्ति**

**विज्ञापन सं. आरबीआई/टीएमडी1/वाईपी/06/2026-27/01**
**दिनांक: 15 जून 2026**

भारतीय रिज़र्व बैंक, जिसे इसके बाद 'बैंक' कहा गया है, मुंबई स्थित अपने विभिन्न केंद्रीय कार्यालय विभागों (कें.का.वि.) में भिन्न-भिन्न कार्य क्षेत्रों के लिए यंग प्रोफेशनल्स (वाईपी) के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। इस नियुक्ति का उद्देश्य यंग प्रोफेशनल्स को बैंक की कार्यपद्धति में हैंड्स-ऑन अनुभव प्रदान करना और अल्प से मध्यम अवधि के नीति संबंधी कार्यों से जुड़ने का अवसर प्रदान करना है।

नियुक्ति के विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. सं. | विषयवस्तु | अनुलग्नक |
|---|---|---|
| 1. | यंग प्रोफेशनल रिक्तियाँ | अनुलग्नक-I |
| 2. | सामान्य पात्रता मानदंड | अनुलग्नक-II |
| 3. | पद-वार विस्तृत पात्रता मानदंड और संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल | अनुलग्नक-III |
| 4. | नियुक्ति के नियम और शर्तें | अनुलग्नक-IV |
| 5. | आवेदन प्रक्रिया और सामान्य सूचना | अनुलग्नक-V |
| 6. | आवेदन प्रारूप | अनुलग्नक-VI |

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 06 जुलाई 2026 है।**

**अनुलग्नक-I**

## I. यंग प्रोफेशनल रिक्तियाँ

| क्र. सं. | पद का कोड | कार्य क्षेत्र | रिक्तियाँ |
|---|---|---|---|
| 1 | YP0626DOS01 | साइबर सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम | 1 |
| 2 | YP0626DOS02 | नीति वैश्लेषिकी (डीओएस) | 1 |
| 3 | YP0626DOR01 | जलवायु परिवर्तन जोखिम और सतत वित्त | 1 |
| 4 | YP0626DOR02 | क्रेडिट जोखिम वैश्लेषिकी एवं विनियामक नीति | 1 |
| 5 | YP0626DPS01 | भुगतान पारितंत्र | 1 |
| 6 | YP0626DPS02 | घरेलू एवं सीमा-पार भुगतान प्रणालियों में नीति एवं अनुसंधान | 1 |
| 7 | YP0626DEP01 | नीति एवं अनुसंधान (डीईपीआर) | 1 |
| 8 | YP0626FIN01 | कृत्रिम बुद्धिमत्ता | 1 |
| 9 | YP0626FIN02 | क्वांटम प्रौद्योगिकी | 1 |
| 10 | YP0626FMO01 | डेटा विश्लेषण | 1 |
| 11 | YP0626FMR01 | वित्तीय बाजार | 1 |
| 12 | YP0626CEP01 | डेटा वैश्लेषिकी एवं नीति अनुसंधान | 1 |
| | | **कुल** | **12** |

**अनुलग्नक-II**

## II. सामान्य पात्रता मानदंड

1. उम्मीदवार भारतीय नागरिक होना चाहिए, जिसकी आयु 06 जुलाई 2026 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक परंतु 30 वर्ष से कम होनी चाहिए।
2. उम्मीदवारों को पदवार पात्रता मानदंडों को पूरा करना आवश्यक है, जैसा कि **अनुलग्नक-III** में दिया गया है। सभी शैक्षणिक अर्हताएँ भारत या विदेश में स्थित किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त की गई होनी चाहिए। समान/ वैकल्पिक अर्हताओं, अर्थात् विज्ञापन में उल्लिखित अर्हताओं से भिन्न अर्हताओं के मामले में, बैंक को विज्ञापन में उल्लिखित अर्हताओं के समतुल्य होने का निर्धारण करने का एकमात्र प्राधिकार प्राप्त है।
3. उम्मीदवारों को किसी भी यंग प्रोफेशनल पद हेतु आवेदन करने के लिए **अनुलग्नक-IV** में यथा उल्लिखित *'नियुक्ति के नियम और शर्तें'*, से सहमत होना आवश्यक है।
4. उम्मीदवारों को पदों के लिए आवेदन करने से पहले **अनुलग्नक-V** में उल्लिखित *'आवेदन प्रक्रिया और सामान्य सूचना'* को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए।
5. उम्मीदवारों को **अनुलग्नक-VI** में दिए गए प्रारूप के अनुसार आवेदन ईमेल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत करना चाहिए।

**अनुलग्रक-III**

## III. पद-वार विस्तृत पात्रता मानदंड और संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल

<table>
<tr><th colspan="2">i. YP0626DOS01 –<br>यंग प्रोफेशनल - साइबर सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम</th></tr>
<tr><td>शैक्षणिक अर्हता</td><td>आवश्यक:<br>• साइबर सुरक्षा / सूचना सुरक्षा / कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी / डेटा विज्ञान / कृत्रिम बुद्धिमत्ता / संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष पेशेवर अर्हता।<br>वांछनीय:<br>• विश्लेषणात्मक एवं अनुसंधान क्षमताओं सहित दृढ़ शैक्षणिक पृष्ठभूमि।<br>• उम्मीदवार जिनके पास सीआईएसएसपी (CISSP), सीआईएसएम (CISM), सीईएच (CEH), आईएसओ 27001 (ISO 27001) लीड ऑडिटर, एडबल्यूएस (AWS) / Azure सिक्योरिटी या समकक्ष डोमेन प्रमाणपत्र हों।<br>• डेटा विश्लेषण, रिपोर्ट लेखन, प्रस्तुतिकरण तैयारी और नीति दस्तावेज़ीकरण में दक्षता।<br>• प्रमुख आईटी / साइबर सुरक्षा / लोक नीति पत्रिकाओं में शोध पत्र प्रकाशित किया हो</td></tr>
<tr><td>वांछनीय कार्य अनुभव</td><td>• साइबर सुरक्षा, प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन, नीति अनुसंधान, डिजिटल विनियमन, फिनटेक, कंसल्टिंग या बहुपक्षीय संगठनों में संबंधित पेशेवर अनुभव।<br>• वित्तीय क्षेत्र के प्रौद्योगिकी पारितंत्र, साइबर जोखिम ढांचे और डिजिटल विनियामक गतिविधियों की समझ।<br>• प्रौद्योगिकी कंसल्टिंग, साइबर रेज़िलिएंस, क्लाउड सुरक्षा या डिजिटल परिवर्तन पहलों से संबंधित परियोजनाओं को संभालने में अनुभव।<br>• नीति विश्लेषण, विनियामक पर्यावरण, तकनीकी और वित्तीय क्षेत्र डोमेन में कंसल्टिंग असाइनमेंट का एक्सपोज़र।<br>• विश्लेषणात्मक उपकरणों, डैशबोर्ड, डेटा इंटरप्रिटेशन या वरिष्ठ प्रबंधन के लिए तकनीकी और रणनीतिक रिपोर्ट तैयार करने का हैंड्स-ऑन अनुभव।<br>• वित्तीय संस्थानों, विनियामकों, सीईआरटी, कंसल्टिंग फर्मों, तकनीकी कंपनियों, थिंक टैंक या अनुसंधान संगठनों के साथ काम करने के अनुभव को वरीयता दी जाएगी।</td></tr>
</table>

| **i. YP0626DOS01 –<br>यंग प्रोफेशनल - साइबर सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी जोखिम** | |
|---|---|
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | • वित्तीय क्षेत्र में साइबर सुरक्षा, डिजिटल रेज़िलिएंस और उभरते प्रौद्योगिकी जोखिमों से संबंधित नीति अनुसंधान और विश्लेषणात्मक अध्ययन करना।<br>• आंतरिक और बाहरी हितधारकों के लिए डिस्कशन पेपर, फ्रेमवर्क दस्तावेजों की ड्राफ्टिंग में सहायता करना।<br>• विनियमित संस्थाओं के लिए प्रासंगिक साइबर इंसिडेंट, थ्रेट इंटेलिजेंस प्रवृत्तियों, वैश्विक विनियामकीय गतिविधियों और प्रौद्योगिकी जोखिम प्रबंधन प्रथाओं का विश्लेषण करना।<br>• परियोजनाएं जिनमें एआई/एमएल (AI / ML), डिजिटल लोक अवसंरचना, क्लाउड सुरक्षा, डेटा गवर्नेंस और साइबर रेज़िलिएंस मूल्यांकन शामिल हैं, में सहायता करना। |
| **कार्य का स्थान** | पर्यवेक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

<table>
<tr><th colspan="2">ii. YP0626DOS02 –<br>यंग प्रोफेशनल - नीति वैश्लेषिकी (डीओएस)</th></tr>
<tr><td>शैक्षणिक अर्हता</td><td>आवश्यक:<br><br>कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी में बी.ई. / बी.टेक. / एम.ई. / एम.टेक. या सांख्यिकी / डेटा विज्ञान में मास्टर डिग्री।<br><br>वांछनीय:<br>• डेटा वैश्लेषिकी, डेटा विज्ञान, सांख्यिकी, विधि, बिजनेस इंटेलिजेंस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, लोक नीति वैश्लेषिकी या संबंधित क्षेत्रों में उच्च अर्हताएं या विशेषज्ञता प्रमाणनों को वरीयता दी जाएगी।<br>• निम्नलिखित क्षेत्रों में अनुभव/ दक्षता:<br>क) एक्सेल: पावर क्वेरी (Power Query), पावर पिवट (Power Pivot), एडवांस्ड पिवट टेबल, वीबीए मैक्रो और ऑटोमेशन<br>ख) पावर बीआई (Power BI): एडवांस्ड डीएएक्स (DAX), डेटा मॉडलिंग, इंटरएक्टिव डैशबोर्ड, ड्रिल-थ्रू फ़ंक्शनलिटी और विज़ुअल एनालिटिक्स<br>ग) पायथन: पैंडस (Pandas), नम्पाई (NumPy), मैटप्लॉटलिब/सीबोर्न, ईटीएल (ETL) वर्कफ़्लो, एनालिटिकल ऑटोमेशन और ऑटोमेटेड रिपोर्टिंग<br>घ) सांख्यिकी: रिग्रेशन विश्लेषण, पूर्वानुमान, परिकल्पना परीक्षण और पूर्वानुमान मॉडलिंग<br>ङ) एमआईएस ऑटोमेशन: वेलिडेशन और एरर-हैंडलिंग तंत्र के साथ एंड-टू-एंड रिप्रोड्यूसिबल वर्कफ़्लो का विकास<br>च) डेटा प्रबंधन: लार्ज मल्टी-सोर्स डेटासेट की क्लीनिंग, वेलिडेशन, रिकंसिलिएशन और इंटीग्रेशन</td></tr>
<tr><td>वांछनीय कार्य अनुभव</td><td>• लार्ज डेटासेट और अन्य संरचित डेटा रिपोज़िटरी से डेटा एक्सट्रेक्शन और विश्लेषण करने का अनुभव।<br>• डेटा सिंक्रोनाइजेशन को ऑटोमेट करने और डैशबोर्ड-आधारित निगरानी और विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार करने का अनुभव।<br>• नीति-संबंधी विश्लेषणात्मक कार्य, पर्यवेक्षण निगरानी, एमआईएस/रिपोर्टिंग स्वचालन या विनियामक डेटा विश्लेषण में अनुभव।<br>• वैश्लेषिकी सारांश, प्रबंधन ब्रीफ़ और नीति-समर्थन सामग्री तैयार करने के लिए दृढ़ विश्लेषणात्मक और ड्राफ्टिंग कौशल।<br>• विधिक और विनियामक ढांचे, विशेष रूप से आरटीआई अधिनियम, डीपीडीपी अधिनियम, बैंकिंग विनियमन अधिनियम और संबद्ध अधिनियमों से संबंधित विकसित होती न्यायिक प्रथाओं की जानकारी।<br>• संरचित ड्राफ्टिंग, विधिक डेटा संग्रहण, अंतर-विभागीय समन्वय और आरटीआई/विधिक मामलों के समय पर निपटान में अनुभव।</td></tr>
</table>

| **ii. YP0626DOS02 –<br>यंग प्रोफेशनल - नीति वैश्लेषिकी (डीओएस)** | |
|---|---|
| | • लार्ज डेटासेट को संभालने, पर्यवेक्षकीय सूचनाओं की विश्लेषणात्मक व्याख्या करने और समय-संवेदी प्रबंधन इनपुट और रिपोर्ट तैयार करने की आवश्यकता वाले गतिशील वातावरण में काम करने की क्षमता।<br>**वांछनीय:**<br>शासन-संबंधी वैश्लेषिकी कार्यों या प्रौद्योगिकी-सक्षम निगरानी कार्यों में अनुभव। |
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | पर्यवेक्षकीय और परिचालनगत डेटासेट के एक्सट्रेक्शन, संकलन और इंटरप्रिटेशन के माध्यम से नीति-संबंधी वैश्लेषिकी कार्यों में सहयोग करना; विश्लेषण, निगरानी और रिपोर्टिंग के उद्देश्यों के लिए एक्सेल, पावर बीआई और पायथन (Python) का उपयोग करके क्वेरी (Query) डेटाबेस और डेटा एक्सट्रेक्ट करना; पर्यवेक्षकीय समीक्षा, निगरानी, लंबित विश्लेषण और प्रबंधन रिपोर्टिंग के सहयोग के लिए डैशबोर्ड और वैश्लेषिकी ढांचे विकसित करना; वैश्लेषिकी वर्कफ्लो में डेटा की सटीकता, अखंडता, रिप्रोड्यूसिबिलिटी, गोपनीयता और विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करना; निगरानी और नीति-संबंधी कार्यों का समर्थन करने के लिए सांख्यिकीय और प्रवृत्ति विश्लेषण करना; ड्रिल-थ्रू कार्यक्षमता और वैश्लेषिकी रिपोर्टिंग विशेषताओं वाले इंटरैक्टिव पावर बीआई (Power BI) डैशबोर्ड डिज़ाइन, विकसित करना और बनाए रखना; वीबीए मैक्रो (VBA Macro) और पायथन स्क्रिप्टिंग (Python Scripting) का उपयोग करके रिकरिंग एमआईएस, निगरानी विवरण और रिपोर्ट्स को ऑटोमेट करना; डैशबोर्ड, एमआईएस ढांचे, वैश्लेषिकी मॉडल और रिपोर्टिंग वर्कफ्लो को लगातार सुधारना और बढ़ाना; वरिष्ठ प्रबंधन और कार्यात्मक टीमों के लिए संक्षिप्त वैश्लेषिकी नोट्स, कार्यकारी सारांश और नीति-समर्थन सामग्री तैयार करना; प्रक्रिया अक्षमताओं की पहचान करना और वर्कफ्लो तथा रिपोर्टिंग सिस्टम में डेटा-ड्रिवन सुधारों की सिफारिश करना; संस्थागत संदर्भ और सूचना प्रबंधन के लिए संरचित रिपॉजिटरी और खोज करने योग्य डेटाबेस के निर्माण और रखरखाव में सहायता करना; संरचित डेटा संग्रहण, विश्लेषणात्मक समीक्षा के माध्यम से आरटीआई/विधिक मामलों के निपटान में सहायता करना और विनियामक तथा पर्यवेक्षण मामलों से संबंधित समन्वय सहायता करना |
| **कार्य का स्थान** | पर्यवेक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

<table>
<tr><th colspan="2">iii. YP0626DOR01 –<br>यंग प्रोफेशनल – जलवायु परिवर्तन जोखिम और सतत वित्त</th></tr>
<tr><td>शैक्षणिक अर्हता</td><td>आवश्यक:<br>क) जलवायु परिवर्तन अध्ययन / पर्यावरण विज्ञान / पर्यावरण प्रबंधन / जलवायु वित्त / धारणीयता अध्ययन / अर्थशास्त्र / वित्तीय अर्थशास्त्र / वित्त / बैंकिंग एवं वित्त / सांख्यिकी / अर्थमिति / डेटा विज्ञान / वैश्लेषिकी / लोक नीति / आपदा प्रबंधन / प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन / जोखिम मूल्यांकन से संबंधित मात्रात्मक विषयों में से एक या अधिक क्षेत्रों में सुदृढ़ अकादमिक प्रदर्शन सहित एक मास्टर्स डिग्री या स्नातकोत्तर अर्हता।<br><br>वांछनीय:<br>क) अपेक्षित तकनीकी/ वैश्लेषिकी कौशल में शामिल हैं:<br>i. जलवायु संबंधी वित्तीय जोखिमों का ज्ञान, जैसे भौतिक जोखिम, परिवर्तन जोखिम।<br>ii. ईएसजी ढांचे, सतत वित्त, बैंकिंग और वित्तीय प्रणालियों की समझ।<br>iii. सांख्यिकीय विश्लेषण, अर्थमिति, मॉडलिंग जैसा कम से कम एक मात्रात्मक कौशल।<br>iv. पायथन, आर, एसक्यूएल, एक्सेल / डेटा विजुअलाइजेशन जैसा कम से कम एक टूल<br>ख) एफ़आरएम (जीएआरपी) (FRM (GARP)), एससीआर (जीएआरपी) (SCR (GARP)), ईएसजी (ESG) संबंधी प्रमाणन</td></tr>
<tr><td>वांछनीय कार्य अनुभव</td><td>क) जलवायु जोखिम आकलन और विश्लेषण<br>• भौतिक और परिवर्तन जोखिम मूल्यांकन से संबंधित कार्य।<br>• जलवायु संबंधी वित्तीय जोखिमों के प्रति एक्सपोजर<br>• परिदृश्य और भेद्यता आकलन<br>ख) अनुसंधान और नीति विश्लेषण<br>• शोध पत्र, नीति संक्षिप्त, रिपोर्ट या वैश्लेषिकी नोट तैयार करने में अनुभव।<br>• अर्थशास्त्र, सतत वित्त, पर्यावरण नीति या वित्तीय विनियमन में कार्य।<br>ग) मात्रात्मक मॉडलिंग / डेटा वैश्लेषिकी<br>• सांख्यिकीय मॉडलिंग और अर्थमितीय विश्लेषण<br>• लार्ज डेटासेट का प्रबंधन<br>• जोखिम मॉडल विकास।<br>• पायथन, आर, एसक्यूएल, एसटीएटीए आदि में अनुभव।<br>घ) ईएसजी / स्थिरता / हरित वित्त</td></tr>
</table>

<table>
<tr><th colspan="2">iii. YP0626DOR01 –<br>यंग प्रोफेशनल – जलवायु परिवर्तन जोखिम और सतत वित्त</th></tr>
<tr><td></td><td>• ईएसजी रिपोर्टिंग और विश्लेषण।<br>• सतत वित्त परियोजनाएं<br>• जलवायु प्रकटीकरण ढांचे<br>• हरित बॉण्ड और परिवर्तन वित्त<br>ङ) बैंकिंग/ वित्तीय क्षेत्र एक्सपोजर<br>• बैंकों, एनबीएफसी, कंसल्टिंग फर्मों, थिंक टैंक, विनियामकों या अनुसंधान संस्थानों में अनुभव।<br>• क्रेडिट जोखिम, वित्तीय स्थिरता या प्रुडेंशियल विनियमन की समझ<br>च) जलवायु तनाव परीक्षण और परिदृश्य विश्लेषण<br>• जलवायु परिदृश्यों और तनाव परीक्षण फ्रेमवर्क को तैयार करना या उनकी व्याख्या करना तेज़ी से महत्वपूर्ण होता जा रहा है। दुनिया भर में वित्तीय विनियमन के लिए जलवायु तनाव परीक्षण एक मुख्य हिस्सा बनता जा रहा है।</td></tr>
<tr><td>संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल</td><td>क) जलवायु जोखिम अनुसंधान और विश्लेषण<br>ख) नीति समर्थन और विनियामक ढांचे का विकास<br>ग) जलवायु तनाव परीक्षण<br>घ) डेटा वैश्लेषिकी और मॉडलिंग<br>ङ) ईएसजी और सतत वित्त कार्य<br>च) रिपोर्ट और नीति नोट्स तैयार करना<br>छ) समन्वय और हितधारक जुड़ाव<br>ज) क्षमता निर्माण और ज्ञान विकास<br>झ) समय-समय पर सौंपा जाने वाला कोई अन्य कार्य</td></tr>
<tr><td>कार्य का स्थान</td><td>विनियमन विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई</td></tr>
</table>

| **iv. YP0626DOR02 – यंग प्रोफेशनल –ऋण जोखिम वैश्लेषिकी एवं विनियामक नीति** | |
|---|---|
| **शैक्षणिक अर्हता** | **आवश्यक:** अर्थशास्त्र / अर्थमिति / सांख्यिकी / वित्त / गणित / डेटा विज्ञान / वित्तीय इंजीनियरिंग / संबंधित मात्रात्मक विषयों में मास्टर डिग्री या समकक्ष<br><br>**वांछनीय:** वित्त, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी या संबंधित मात्रात्मक क्षेत्र में पीएचडी; या ऋण जोखिम, वित्तीय स्थिरता, विनियामक अर्थशास्त्र या संबंधित क्षेत्रों में प्रकाशित कार्य, वर्किंग पेपर या शोध प्रबंध द्वारा प्रदर्शित शोध अनुभव। |
| **वांछनीय कार्य अनुभव** | • किसी वित्तीय संस्थान, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, कंसल्टिंग फर्म या वित्तीय क्षेत्र में विश्लेषक के रूप में जोखिम मॉडलिंग में शोध सहायता या परियोजना अनुभव।<br>• पायथन (Python) के साथ काम करने और लार्ज डेटासेट को संभालने का अनुभव।<br>• वित्तीय विनियामक विश्लेषण और रिपोर्टिंग ढांचों की जानकारी, क्रेडिट ब्यूरो डेटा, आरबीआई प्रुडेंशियल रिटर्न जैसे क्रेडिट डेटासेट का एक्सपोजर। ईसीएल (ECL) /आईएफआरएस-9 (IFRS – 9) मॉडलिंग या मैक्रोप्रूडेंशियल वैश्लेषिकी उपकरणों का पूर्व एक्सपोजर। बीसीबीएस, एफएसबी या समतुल्य निकायों द्वारा जारी अंतरराष्ट्रीय विनियामक मानकों का ज्ञान। |
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | क) क्रेडिट जोखिम विनियमों के निर्माण, विश्लेषण और समीक्षा से संबंधित कार्यों में सहयोग करना<br>ख) नीति हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले विनियामक अंतरालों की पहचान में वैश्लेषिकी समर्थन प्रदान करना<br>ग) जानकारीपूर्ण और साक्ष्य-आधारित नीतिगत दृष्टिकोण का समर्थन करना<br>घ) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित हो रहे विनियामक परिदृश्य का विश्लेषण करना ताकि उन्हें संतुलित रुप से अपनाया जा सके<br>ङ) विनियामक नीतियों के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए वैश्लेषिकी ढांचों के विकास का समर्थन करना<br>च) बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए गए अन्य कार्य करना |
| **कार्य का स्थान** | विनियमन विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

| **v. YP0626DPS01 –<br>यंग प्रोफेशनल – भुगतान पारितंत्र** | |
|---|---|
| **शैक्षणिक अर्हता** | **आवश्यक:**<br>(i) अर्थशास्त्र / सांख्यिकी / वित्त/ वाणिज्य / लोक नीति / डेटा विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री; **या**<br>(ii) बी.ई. / बी.टेक / एम.ई./ एम.टेक; **या**<br>(iii) चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) |
| **वांछनीय कार्य अनुभव** | भुगतान प्रणाली / सीमा-पार भुगतान / लोक नीति / वित्तीय बाजार में कार्य अनुभव। |
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | क) अनुसंधान एवं बाजार इंटेलिजेंस: अंतरराष्ट्रीय मानक-निर्धारक निकायों (जैसे सीपीएमआई (CPMI), एफ़एटीएफ़ (FATF), बीआईएस (BIS) आदि), विदेशी विनियामक प्राधिकरणों द्वारा जारी रिपोर्ट्स और संबंधित मीडिया रिपोर्ट्स से बाजार इंटेलिजेंस की निगरानी, संकलन और सिंथेसाइज़ करना, वैश्विक भुगतान आर्किटेक्चर, उभरते फिनटेक नवाचारों, लेनदेन प्रवृत्तियों और अंतरराष्ट्रीय विनियामक परिदृश्य, घरेलू और वैश्विक दोनों, का अध्ययन करने के लिए प्राथमिक और द्वितीयक अनुसंधान करना—जिसमें डायरी-आधारित सर्वेक्षण, पल्स सर्वेक्षण और हितधारक संवाद शामिल हैं।<br>ख) नीति वैश्लेषिकी एवं निर्माण समर्थन: विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों में बैंक की संलग्नता के लिए भुगतान पारितंत्र में हो रही गतिविधियों को कवर करते हुए नोट, संक्षिप्त विवरण और वैश्लेषिकी रिपोर्ट तैयार करना। साथ ही नीति निर्माण में योगदान करना।<br>ग) डेटा प्रबंधन और सांख्यिकीय विश्लेषण: प्रवृत्तियों और अवरोधों को समझने के लिए विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्रोतों से प्राप्त होने वाले भुगतान प्रवाहों से संबंधित सूक्ष्म डेटा के संग्रह, समेकन और सांख्यिकीय मॉडलिंग को सुविधाजनक बनाना।<br>घ) विशेषीकृत अध्ययन और परियोजना समर्थन: बैंक द्वारा निर्धारित अनुसंधान पहल, विषय-विशिष्ट अध्ययन और रणनीतिक परियोजनाओं में योगदान करना ताकि सीमा-पार क्षेत्र में वर्तमान चुनौतियों का समाधान किया जा सके या उभरते अवसरों का लाभ उठाया जा सके। |
| **कार्य का स्थान** | भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

| **vi. YP0626DPS02 –<br>यंग प्रोफेशनल – घरेलू एवं सीमा-पार भुगतान प्रणालियों में नीति एवं अनुसंधान** | |
|---|---|
| **शैक्षणिक अर्हता** | **आवश्यक:**<br>(i) अर्थशास्त्र / सांख्यिकी / वित्त/ वाणिज्य / लोक नीति / डेटा विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री; **या**<br>(ii) बी.ई. / बी.टेक / एम.ई./ एम.टेक; **या**<br>(iii) चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) |
| **वांछनीय कार्य अनुभव** | लोक नीति, भुगतान प्रणाली जैसे क्षेत्रों में कार्य अनुभव। |
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | देश में भुगतान प्रणाली नीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए शीर्ष प्रबंधन के लिए नोट्स और संक्षिप्त विवरण तैयार करना तथा विभिन्न मंचों जैसे समितियों, कार्य समूहों, बैठकों आदि में शीर्ष प्रबंधन की भागीदारी के लिए इनपुट और संक्षिप्त विवरण तैयार करना; घरेलू और अंतरराष्ट्रीय भुगतान पारितंत्र, भुगतान आर्किटेक्चर और उभरती भुगतान प्रौद्योगिकी में गतिविधियों को ट्रैक करना; अंतरराष्ट्रीय मानक-निर्धारक निकायों (जैसे सीपीएमआई (CPMI), एफ़एटीएफ़ (FATF), बीआईएस (BIS) आदि), विदेशी विनियामक प्राधिकरणों द्वारा जारी रिपोर्ट्स और संबंधित मीडिया रिपोर्ट्स से बाजार इंटेलिजेंस और अंतर्दृष्टि एकत्र करना; भुगतान प्रणालियों से संबंधित अनुसंधान पहल, विषय-वस्तु अध्ययन और रणनीतिक परियोजनाओं में योगदान देना। |
| **कार्य का स्थान** | भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

| **vii. YP0626DEP01 – यंग प्रोफेशनल – नीति एवं अनुसंधान (डीईपीआर)** | |
| --- | --- |
| **शैक्षणिक अर्हता** | **आवश्यक:**<br>अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री या पीएचडी, जिसमें से कम से कम एक पाठ्यक्रम पेपर मास्टर्स कार्यक्रम के दौरान (i) गणित या (ii) सांख्यिकी या (iii) अर्थमिति में होना चाहिए।<br>**वांछनीय:**<br>एक प्रतिष्ठित पत्रिका (रैंक बी या उससे ऊपर) में कम से कम एक पेपर लिखा हो। |
| **वांछनीय कार्य अनुभव** | • आर्थिक अनुसंधान में अनुभव<br>• STATA, EViews जैसे सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर पर द्वितीयक डेटा के साथ काम करने या पायथन, आर जैसी कोडिंग लैंग्वेज़ का अनुभव। |
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | • नीति और विनियामक मामलों से संबंधित शोध पत्र, रिपोर्ट और अन्य शोध सामग्री की समीक्षा करना।<br>• शीर्ष प्रबंधन के लिए संक्षिप्त सारांश, संक्षिप्त विवरण और पृष्ठभूमि नोट तैयार करना।<br>• शीर्ष प्रबंधन को बैठकों, प्रस्तुतियों, आधिकारिक संचार और संबंधित कार्य में सहायता प्रदान करना |
| **कार्य का स्थान** | आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

| **viii. YP0626FIN01 – यंग प्रोफेशनल – कृत्रिम बुद्धिमत्ता** | |
|---|---|
| **शैक्षणिक अर्हता** | **आवश्यक:**<br>कृत्रिम बुद्धिमत्ता / कंप्यूटर विज्ञान / लोक नीति / डेटा विज्ञान / संबंधित विषयों में स्नातकोत्तर / तकनीकी / पेशेवर डिग्री।<br>**वांछनीय:**<br>एआई शासन, मशीन लर्निंग अवधारणाओं, डेटा नैतिकता और उभरते हुए प्रौद्योगिकी नीति ढांचों के बारे में ज्ञान होना वांछनीय है। |
| **वांछनीय कार्य अनुभव** | • एआई अनुसंधान / प्रौद्योगिकी नीति / डेटा विश्लेषण / संबंधित क्षेत्रों में अनुभव।<br>• एआई शासन, नैतिक एआई ढांचे, विनियामक अनुसंधान या लोक नीति परियोजनाओं के साथ एक्सपोज़र को वरीयता दी जाएगी। |
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | उभरती हुई एआई तकनीकों का विश्लेषण और नैतिकता, शासन, डेटा गोपनीयता और जिम्मेदार एआई अपनाने पर नीति अनुशंसा विकसित करना। एआई-ड्रिवन नवाचार पारितंत्रों के लिए विनियामक अनुसंधान, हितधारक संवाद और रणनीति निर्माण में सहायता करना। |
| **कार्य का स्थान** | फिनटेक विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

| **ix. YP0626FIN02 – यंग प्रोफेशनल – क्वांटम प्रौद्योगिकी** | |
|---|---|
| **शैक्षणिक अर्हता** | **आवश्यक:** क्वांटम कंप्यूटिंग / भौतिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स / कंप्यूटर विज्ञान / प्रौद्योगिकी नीति में स्नातकोत्तर / तकनीकी / पेशेवर डिग्री।<br>**वांछनीय:** क्वांटम प्रौद्योगिकियों, साइबर सुरक्षा के निहितार्थ और नवाचार नीति अनुसंधान की समझ। |
| **वांछनीय कार्य अनुभव** | • क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुसंधान, उभरती प्रौद्योगिकी विश्लेषण या विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति में अनुभव।<br>• क्वांटम कंप्यूटिंग अनुप्रयोग, साइबर सुरक्षा अनुसंधान या नवाचार नीति पहलों में अनुभव वांछनीय है। |
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी और नवाचार नीतियों का समर्थन करने के लिए क्वांटम कंप्यूटिंग, संचार और साइबर सुरक्षा रुझानों पर अनुसंधान करना। क्वांटम पारितंत्र विकास, मानकों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए रणनीतिक ढांचों के विकास में सहायता करना। |
| **कार्य का स्थान** | फिनटेक विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

| **x. YP0626FMO01**<br>**यंग प्रोफेशनल – डेटा विश्लेषण** | |
|---|---|
| **शैक्षणिक अर्हता** | **आवश्यक:**<br>सांख्यिकी/अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर, जिसमें एक विषय के तौर पर अर्थमिति शामिल हो।<br>**वांछनीय:**<br>• सीएफ़ए (CFA), एफ़आरएम (FRM)<br>• माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल में दक्षता |
| **वांछनीय कार्य अनुभव** | • अर्थमिति के क्षेत्र में अनुभव।<br>• किसी प्रतिष्ठित जर्नल में प्रकाशित पेपर/रिसर्च पेपर।<br>• किसी बैंक में डीलर के तौर पर अनुभव।<br>• मुद्रा बाजार में अनुभव। |
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | • डेटा का विश्लेषण करना जो नीति अनुसंधान में सहायता करेगा।<br>• घरेलू और वैश्विक बाज़ारों पर, विशेषकर मुद्रा और यील्ड में होने वाले बदलावों और मुद्रा बाजार की दरों के संबंध में नज़र रखना और दैनिक आधार पर इनका विश्लेषण करना। |
| **कार्य का स्थान** | वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

| **xi. YP0626FMR01<br>यंग प्रोफेशनल – वित्तीय बाजार** | |
|---|---|
| **शैक्षणिक अर्हता** | **आवश्यक:**<br>अर्थशास्त्र / परिचालन अनुसंधान / वित्त / सांख्यिकी / गणित में स्नातकोत्तर डिग्री |
| **वांछनीय कार्य अनुभव** | वित्तीय बाज़ार से संबंधित किसी भी क्षेत्र में अनुभव |
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | अत्याधुनिक विश्लेषण टूल्स का इस्तेमाल करके वित्तीय बाजार में डेटा का अध्ययन और विश्लेषण करने के लिए व्यापार क्षेत्र में सुचारू रूप से काम करना। |
| **कार्य का स्थान** | वित्तीय बाजार विनियमन विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

| **xii. YP0626CEP01<br>यंग प्रोफेशनल – डेटा वैश्लेषिकी एवं नीति अनुसंधान** | |
|---|---|
| **शैक्षणिक अर्हता** | **आवश्यक:**<br>• बी.ई./ बी.टेक. / एम.ई./ एम.टेक. या गणित, सांख्यिकी, कंप्यूटर साइंस, अर्थशास्त्र या डेटा वैश्लेषिकी में स्नातकोत्तर डिग्री, साथ ही मूलभूत सांख्यिकी उपकरणों, Power BI इत्यादि की जानकारी।<br>**अपेक्षित:**<br>ऑटोमेशन, मशीन लर्निंग और बड़े डेटासेट को संभालने के लिए पायथन (Python), आर या स्ट्रक्चर्ड क्वेरी लैंग्वेज़ जैसी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज़ की जानकारी। |
| **वांछनीय कार्य अनुभव** | जॉब प्रोफ़ाइल से संबंधित क्षेत्रों/परियोजनाओं में अनुभव। |
| **संक्षिप्त जॉब प्रोफ़ाइल** | क) उन्नत सांख्यिकी उपकरणों/ तरीकों, एआई/मशीन लर्निंग उपकरणों आदि का इस्तेमाल करके डेटा माइनिंग और वैश्लेषिकी।<br>ख) शिकायतों, शिकायतों की प्रवृत्तियों, उभरते मुद्दों और ग्राहकों के समस्या बिन्दुओं का व्यवस्थित वर्गीकरण और विश्लेषण।<br>ग) डेटा डंप से रिपोर्ट सृजित करने की प्रक्रिया का ऑटोमेशन।<br>घ) शिकायतों की बेहतर निगरानी के लिए डायनामिक/इंटरैक्टिव रियल-टाइम डैशबोर्ड उपलब्ध कराना।<br>ङ) प्रभावी नीति निर्माण के लिए बैंक के शीर्ष प्रबंधन को गुणवत्तापूर्ण नीति इनपुट देना। |
| **कार्य का स्थान** | उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई |

**अनुलग्नक-IV**

## IV. नियुक्ति के नियम और शर्तें

| क्र.सं. | मानदंड | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | नियुक्ति की प्रकृति | यंग प्रोफेशनल को सीमित अवधि के लिए पूर्णकालिक आधार पर संविदा पर नियुक्त किया जाएगा। बैंक द्वारा नियुक्त किए जाने पर, यंग प्रोफेशनल बैंक की पूर्व लिखित अनुमति के बिना किसी निजी या सार्वजनिक निकाय या निजी व्यक्ति आदि के लिए कोई अंशकालिक कार्य नहीं करेगा/करेगी या उसके लिए कोई शुल्क स्वीकार नहीं करेगा/करेगी।<br><br>यंग प्रोफेशनल की नियुक्ति बैंक में किसी भी प्रकार की नियमित नौकरी या नियुक्ति नहीं होगी, और न ही यह भारतीय रिज़र्व बैंक और यंग प्रोफेशनल के बीच नियोक्ता और कर्मचारी के संबंध की प्रकृति की होगी। बैंक में यंग प्रोफेशनल के रूप में अपनी सेवा देने के आधार पर, यंग प्रोफेशनल को बैंक में नियुक्ति का कोई अधिकार/दावा नहीं होगा। |
| 2 | नियुक्ति स्थल और ड्यूटी पर रिपोर्टिंग | मुंबई।<br>चयनित होने पर, उम्मीदवारों को अपने वर्तमान नियोक्ता (यदि कोई हो) से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि चयनित होने पर उन्हें पूर्णकालिक संविदा के आधार पर यंग प्रोफेशनल के रूप में अपना कार्यभार संभालने के लिए अल्पावधि में मुक्त कर दिया जाएगा। उम्मीदवार संभवतः अगस्त-अक्तूबर 2026 के आसपास पदभार ग्रहण करेंगे। |
| 3 | संविदा की अवधि | प्रारंभिक कार्यकाल तीन वर्ष का होगा, जिसे आपसी सहमति से अधिकतम पाँच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। बैंक द्वारा संविदा विस्तार का निर्णय यंग प्रोफेशनल के कार्यनिष्पादन और बैंक द्वारा विचार में लिए गए अन्य मापदंडों के आधार पर लिया जाएगा। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। |
| 4 | संविदा समाप्त करने के लिए नोटिस अवधि | दोनों में से कोई भी पक्ष तीन महीने का नोटिस देकर यह संविदा समाप्त कर सकता है। हालांकि, प्रारंभिक कार्यकाल के पहले छह महीनों के दौरान, दोनों में से कोई भी पक्ष बिना किसी नोटिस के संविदा समाप्त कर सकता है। |
| 5 | कार्य समय और छुट्टी | यंग प्रोफेशनल के कार्यदिवस और कार्य समय संबंधित केंद्रीय कार्यालय विभाग के नियमित कार्यदिवस और कार्यालय समय के अनुसार होंगे। नियुक्ति की प्रकृति को देखते हुए, सामान्य कार्यालय समय से अधिक कार्य करने, सप्ताहांत और छुट्टियों पर कार्य करने के लिए यंग प्रोफेशनल को कोई अतिरिक्त मुआवजा नहीं दिया जाएगा। |

| क्र.सं. | मानदंड | विवरण |
|---|---|---|
| | | यंग प्रोफेशनल एक कैलेंडर वर्ष में 15 दिनों की छुट्टी के लिए पात्र होंगे। यंग प्रोफेशनल को छुट्टी पूर्ण माह के आधार पर उपचित होगी जिसकी गणना उनके कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से आनुपातिक रूप से की जाएगी। छुट्टी को अगले वर्ष के लिए आगे नहीं ले जाया जा सकेगा।<br><br>पात्रता से अधिक अनुपस्थिति को अवैतनिक छुट्टी माना जाएगा और ऐसे मामलों में, मासिक वेतन से आनुपातिक कटौती की जाएगी।<br><br>बिना किसी वैध कारण के लगातार 8 कार्य दिवसों या उससे अधिक समय तक अनधिकृत अनुपस्थिति संविदा की समाप्ति का कारण बन सकती है।<br><br>यंग प्रोफेशनल को प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम, 1961, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 आदि जैसे वैधानिक/विधिक प्रावधानों के तहत छुट्टी लेने की अनुमति होगी। |
| 6 | मासिक पारिश्रमिक | नियुक्ति की पूरी अवधि के दौरान, ₹1,50,000/- की निश्चित वृत्तिका राशि का मासिक आधार पर भुगतान किया जाएगा, जो लागू कर कटौतियों के अधीन होगी।<br>नोट: यंग प्रोफेशनल किसी अन्य भत्ते/लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे। |
| 7 | रिहायशी आवास | नियुक्ति की अवधि के दौरान, बैंक यंग प्रोफेशनल को कोई आवासीय सुविधा प्रदान नहीं करेगा। |
| 8 | कार्यनिष्पादन की समीक्षा | यंग प्रोफेशनल के कार्यनिष्पादन की समीक्षा वार्षिक आधार पर या नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर, जो भी पहले हो, की जाएगी। इस समीक्षा का उपयोग यंग प्रोफेशनल के साथ संविदा को जारी रखने/बढ़ाने के संबंध में निर्णय लेने के लिए किया जाएगा। |
| 9 | दवाखाना सुविधा | यंग प्रोफेशनल कार्यालय परिसर के भीतर आपातकालीन दवाखाना सुविधा (केवल स्वयं के लिए) के लिए पात्र होंगे। |
| 10 | कोई अन्य दावा/लाभ नहीं | बैंक में अपने कार्यकाल के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण रूप से मृत्यु, चोट या बीमारी की स्थिति में, न तो यंग प्रोफेशनल और न ही उनके आश्रित, विधिक वारिस या दावेदार बैंक से किसी भी प्रकार के मुआवजे या रोजगार के हकदार होंगे। यंग प्रोफेशनल किसी भी प्रकार के सेवामुक्ति लाभ के पात्र नहीं होंगे। |
| 11 | करार और आचार संहिता | चयन होने पर, यंग प्रोफेशनल को बैंक के साथ एक करार पर हस्ताक्षर करने होंगे जिसमें विस्तृत नियम और शर्तें, लागू आचार संहिता और गोपनीयता बनाए रखने का वचन शामिल होगा। इसके अलावा, यंग प्रोफेशनल को इस संबंध में बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए किसी भी अन्य अनुदेशों का पालन करना होगा। |

| क्र.सं. | मानदंड | विवरण |
|---|---|---|
| 12 | चिकित्सा फिटनेस और पुलिस सत्यापन | चयन होने पर, यंग प्रोफेशनल को फिटनेस का चिकित्सा प्रमाण पत्र और आपराधिक पृष्ठभूमि न होने की पुष्टि करने वाली संतोषजनक पुलिस सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। |

**अनुलग्नक-V**

## V. आवेदन प्रक्रिया और सामान्य सूचना

1. इच्छुक आवेदक विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र (अनुलग्नक-VI) की स्कैन की गई प्रति के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ 'पीडीएफ' प्रारूप में ई-मेल yphrmdco@rbi.org.in पर प्रस्तुत करें:

   i. जीवन वृत्तांत

   ii. अकादमिक प्रतिलेख, अर्थात् पद के लिए निर्धारित अनिवार्य और वांछित अर्हताओं, यदि कोई हो, से संबंधित डिग्री प्रमाण पत्र (डिग्री प्रमाण पत्र लंबित होने की स्थिति में अनंतिम प्रमाण पत्र प्रदान किया जा सकता है)। [@]

   iii. अभिरुचि का विवरण

   iv. अकादमिक या नीतिगत लेखन का एक नमूना

   v. किसी पेशेवर रेफरी से संदर्भ/अनुशंसा पत्र, अधिमानतः उम्मीदवार के वर्तमान/पूर्व शैक्षणिक संस्थान या नियोक्ता से।

*नोट: चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए उम्मीदवारों का चयन होने पर, अंकपत्र आदि जैसे अन्य सभी अकादमिक प्रतिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है।*

2. ईमेल के विषय में "यंग प्रोफेशनल के लिए आवेदन – पद का कोड – उम्मीदवार का नाम" लिखा होना चाहिए। पीडीएफ अटैचमेंट का कुल आकार 5 एमबी से अधिक नहीं होना चाहिए। अन्य फ़ाइल प्रारूप बैंक के सुरक्षा फ़िल्टरों द्वारा ब्लॉक किए जा सकते हैं और मेलबॉक्स तक नहीं पहुंच सकते हैं। ईमेल की बॉडी संक्षिप्त (एक या दो पंक्तियों में) और स्पष्ट होनी चाहिए, जिसमें कोई अतिरिक्त विवरण न हो। एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग ईमेल भेजने होंगे। किसी भी कारण से ईमेल न मिलने की स्थिति में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा। **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 6 जुलाई 2026 है।**

3. बैंक किसी अन्य माध्यम से आवेदन को स्वीकार नहीं करेगा। उम्मीदवारों को आवेदन पत्र या किसी अन्य सहायक दस्तावेज का प्रिंटआउट डाक या कूरियर द्वारा भेजने की आवश्यकता नहीं है।

4. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख के बाद प्राप्त कोई भी आवेदन, या निर्धारित दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन, या जो किसी भी तरह से अपूर्ण पाया जाता है, या निर्धारित प्रारूप में नहीं है, उस पर आगे की प्रक्रिया के लिए विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, बैंक उम्मीदवारों से कोई भी अतिरिक्त जानकारी/दस्तावेज मांगने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

5. पात्रता मानदंडों को पूरा करना चयन के लिए एक आवश्यक शर्त है, लेकिन पर्याप्त शर्त नहीं है, और बैंक इस मामले में उचित विवेक का प्रयोग करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसमें बिना कोई कारण बताए

सभी आवेदनों को अस्वीकार करना भी शामिल है।

6. यंग प्रोफेशनल के पदों के लिए चयन एक स्क्रीनिंग समिति द्वारा प्रारंभिक स्क्रीनिंग/शॉर्टलिस्टिंग के माध्यम से किया जाएगा, जिसके बाद दस्तावेज़ सत्यापन और साक्षात्कार होगा। बैंक रिक्तियों की संख्या के अनुरूप, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को उपयुक्त तरीकों से सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसलिए, केवल पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करने से कोई भी उम्मीदवार आगे की प्रक्रिया के लिए विचार किए जाने के योग्य नहीं हो जाएगा।

7. चयनित उम्मीदवारों को ईमेल के माध्यम से साक्षात्कार का कॉल लैटर भेजा जाएगा। डाक या किसी अन्य माध्यम से कॉल लैटर नहीं भेजा जाएगा। हालांकि, उम्मीदवारों की पात्रता आयु, अर्हता, अपेक्षित अनुभव आदि से संबंधित दावों का समर्थन करने वाले दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण और सत्यापन के अधीन होगी। साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को यात्रा/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

8. बैंक द्वारा उपयुक्तता/उपलब्धता के आधार पर पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों की एक रिज़र्व सूची तैयार की जाएगी। यह सूची चयन सूची के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक वैध रहेगी।

9. प्रारंभिक स्क्रीनिंग/शॉर्टलिस्टिंग, साक्षात्कार और नियुक्ति से संबंधित अन्य सभी पहलुओं के बारे में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में आगे कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

10. यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट पर हिंदी एवं अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। दोनों संस्करणों की शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु समुचित सावधानी बरती गई है, तथापि किसी भी प्रकार की अस्पष्टता / विवाद / विसंगति की स्थिति में अंग्रेज़ी संस्करण को ही अंतिम एवं मान्य माना जाएगा।

**अनुलग्नक -VI**

*(आवेदन प्रारूप)*

**भारतीय रिज़र्व बैंक में यंग प्रोफेशनल (वाईपी) की नियुक्ति हेतु आवेदन**

| *( * ) चिह्नित फ़ील्ड भरना अनिवार्य है* | | |
|---|---|---|
| किस यंग प्रोफेशनल पद के लिए आवेदन करना है*: | | |
| विज्ञापन सं* और दिनांक* | | |
| **आवेदक विवरण** | | |
| 1. | आवेदक का पूरा नाम (बड़े अक्षरों में)* | श्री/श्रीमती/सुश्री |
| 2. | जन्मतिथि (DD/MM/YYY) * | |
| 3. | लिंग/Gender* | |
| 4. | राष्ट्रीयता * | |
| 5. | पिता का नाम * | |
| 6. | माता का नाम * | |
| 7. | वैवाहिक स्थिति * | |
| 8. | पति/पत्नी का नाम * | |
| 9. | स्थायी पता * | |
| 10. | संचार पता * | |
| 11. | आधार कार्ड सं *. | |
| 12. | पैन* | |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | संपर्क नंबर (मोबाइल)* और<br>वैकल्पिक संपर्क नंबर* | |
| 14. | ईमेल पता* | |
| 15. | क्या आप वर्तमान में कार्यरत हैं*?<br>(हाँ / नहीं) | |
| 16. | वर्तमान रोजगार/नियुक्ति का विवरण (यदि लागू हो) *: -<br><br>• संगठन का नाम *:<br>• संगठन का प्रकार (सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र / निजी क्षेत्र, आदि)*:<br>• पद का नाम *:<br>• कार्य का स्वरूप (पूर्णकालिक / अंशकालिक)*:<br>• वर्तमान पारिश्रमिक *: | |
| 17. | क्या आप वर्तमान में किसी अकादमिक अध्ययन/शैक्षणिक संस्था से संबद्ध हैं? *<br>(हाँ / नहीं) | |
| 18. | वर्तमान अकादमिक नियुक्तियों / चल रहे अध्ययनों / शैक्षिक संस्थान आदि का विवरण (यदि लागू हो)।<br><br>• संस्था का नाम *:<br>• संस्था का प्रकार (सरकारी / निजी आदि)*:<br>• अध्ययन का क्षेत्र *: | |
| 19. | कार्य अनुभव का विवरण *<br>*(वांछित कार्य अनुभव और अन्य किसी भी अनुभव से शुरुआत करें; यदि आप फ्रेशर हैं तो 'NIL' लिखें।)* | |

| **क्र.सं.** | **पद का नाम** | **नियोक्ता/संगठन का नाम और पता** | **कार्य क्षेत्र** | **नियुक्ति की अवधि (उदाहरण: जुलाई 2022 - जून 2023: 1 वर्ष)** |
|---|---|---|---|---|
| **i.** | | | | |
| **ii.** | | | | |
| **iii.** | | | | |
| **iv.** | | | | |
| **v.** | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **vi.** | | | | |
| **vii.** | | | | |
| **viii.** | | | | |
| 20. | शैक्षिक अर्हताओं का विवरण *<br>*(अनिवार्य योग्यता(ओं) से शुरू करते हुए, उसके बाद वांछनीय योग्यता(ओं) और कोई अन्य योग्यता।)* | | | |
| **क्र.सं.** | **विषय/स्ट्रीम के साथ अर्हता** | **संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम** | **अंकों का प्रतिशत** | **उत्तीर्ण करने का महीना और वर्ष** |
| **i.** | | | | |
| **ii.** | | | | |
| **iii.** | | | | |
| **iv.** | | | | |
| **v.** | | | | |
| **vi.** | | | | |
| **vii.** | | | | |
| **viii.** | | | | |
| 21. | उम्मीदवारी के समर्थन में कोई अन्य कौशल, यदि कोई हैं, जिन्हें ऊपर उल्लिखित फील्ड के अंतर्गत सामान्यतः दर्शाया नहीं किया जा सकता है। | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 22. | ज्ञात भाषाएँ * | |
| 23. | यदि आपके विरुद्ध किसी विभाग, कार्यालय या न्यायालय में कोई सतर्कता/अनुशासनिक मामला/आपराधिक मामला विचाराधीन/लंबित है/अतीत में समाप्त हो चुका है (हाँ/नहीं)*<br><br>यदि हां, तो कृपया विवरण प्रदान करें।* | |
| 24. | क्या आपके पिछले रोजगारों/नियुक्तियों के दौरान आप पर कोई दीर्घ/लघु/अन्य दंड या कोई धिग्दंड लगाया गया था? (हाँ/नहीं)*<br><br>यदि हां, तो कृपया विवरण प्रदान करें।* | |

**घोषणा**

**i.** मैं, ________________________________ (आवेदक का पूरा नाम), एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दी गई सभी जानकारियाँ और कथन मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं।

**ii.** मैं घोषणा करता/करती हूं कि मैं विज्ञापन में उल्लिखित यंग प्रोफेशनल के पद के लिए निर्धारित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता/करती हूं। मैं इस बात से भी सहमत हूं कि यदि मेरा आवेदन आगे की चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है, तो मैं बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के समर्थन में मूल दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने और उनकी स्व-सत्यापित प्रतियां प्रदान करने के लिए बाध्य होऊंगा/होउंगी।

**iii.** मैं समझता/समझती हूँ कि यह पद पूरी तरह संविदात्मक है। यदि यह पाया जाता है कि मेरे द्वारा प्रदत्त कोई भी दस्तावेज़ या जानकारी गलत हैं या छुपाई गई है, तो चयन प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद किसी भी चरण में मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और यदि कोई नियुक्ति हुई है, तो उसे बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है।

**iv.** मैं विज्ञापन में यंग प्रोफेशनल की नियुक्ति के लिए उल्लिखित सभी नियम और शर्तों को मानता और स्वीकार

करता/करती हूं।

*अपनी हाल ही का 3.5 x 4.5 सेमी आकार का रंगीन फोटोग्राफ चिपकाएँ।*

हस्ताक्षर
आवेदक का नाम:
स्थान:
तारीख: